MP EXAMS WALLAH

# मध्यप्रदेश समसामयिकी

## 14th December 2024

### सबसे युवा विश्व शतरंज चैंपियन



भारतीय शतरंज खिलाड़ी **डी गुकेश** ने **सबसे कम उम्र के विश्व शतरंज चैंपियन** बनकर अपना नाम इतिहास में दर्ज करा।

**मुख्य बिंदु**

- महज 18 साल की उम्र में **गुकेश ने 12 दिसंबर** को यह उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की है।
- **गुकेश ने** अंतर्राष्ट्रीय शतरंज महासंघ (FIDE) विश्व चैम्पियनशिप 2024 के अंतिम गेम में चीन के **डिंग लिरेन** को हराया।
- निर्णायक गेम में स्कोर 6.5-6.5 से बराबर होने पर, गुकेश ने भारी दबाव में शानदार प्रदर्शन किया और 7.5-6.5 के अंतिम स्कोर के साथ जीत हासिल की।
- यह जीत उन्हें 18वां शतरंज विश्व चैंपियन और दुनिया भर के लाखों लोगों के लिए प्रेरणा का प्रतीक बनाती है।
- गुकेश का विश्व खिताब जीतने का सफर असाधारण रहा है। इस साल की शुरुआत में, उन्होंने FIDE कैंडिडेट्स शतरंज टूर्नामेंट 2024 जीतकर इतिहास रच दिया, और विश्व खिताब जीतने वाले सबसे कम उम्र के दावेदार बन गए।

### विश्व मलेरिया रिपोर्ट 2024



11 दिसंबर 2024 को जारी WHO की नवीनतम **विश्व मलेरिया रिपोर्ट (2024)** के अनुसार, इस क्षेत्र में मलेरिया से होने वाली मौतों में **भारत और इंडोनेशिया का योगदान लगभग 88%** है।

**मुख्य बिंदु**

- **विश्व स्वास्थ्य संगठन (WHO)** का दक्षिण पूर्व एशिया क्षेत्र वैश्विक स्तर पर मलेरिया के मामलों में लगभग 1.5% का योगदान देता है और 2023 में सभी अनुमानित मामलों में से लगभग आधे मामले भारत में थे।
- 83 देशों में मलेरिया के मामले 2023 में अनुमानित 263 मिलियन तक पहुंच गए, जो 2022 में 252 मिलियन और 2015 में 226 मिलियन थे।
- **2023 में मलेरिया से होने वाली मौतें 597,000** हो गईं, जो 2015 में 578,000 थीं।

**मलेरिया के बारे में –**

- मलेरिया एक संक्रामक रोग है जो मादा एनोफिलीज मच्छरों द्वारा फैलता है और प्लास्मोडियम प्रोटोजोआ के कारण होता है।
- यह जीवन के लिए खतरा पैदा करता है, मुख्य रूप से **अफ्रीका, दक्षिण अमेरिका और एशिया के उष्णकटिबंधीय और उपोष्णकटिबंधीय क्षेत्रों** को प्रभावित करता है।
- यह बीमारी प्लास्मोडियम परजीवियों के कारण होती है, जो संक्रमित मादा एनोफिलीज मच्छरों के काटने से फैलती है।

### QS वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग: स्थिरता 2025

QS क्वाक्वेरेली साइमंड्स ने **QS वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग सस्टेनेबिलिटी 2025'** का तीसरा संस्करण जारी किया।

**मुख्य बिंदु**

- यह रैंकिंग संकेतकों की एक पद्धति का उपयोग करके संकलित की गई है, जो **विश्व की सबसे बड़ी पर्यावरणीय सामाजिक और प्रशासनिक (ESG)** चुनौतियों से निपटने में किसी संस्थान की क्षमता को मापने के लिए तैयार की गई है।
- रैंकिंग में, **टोरंटो विश्वविद्यालय** इस वर्ष दुनिया में **शीर्ष विश्वविद्यालय** है, ETH ज्यूरिख दूसरे स्थान पर है।
- **कैलिफोर्निया विश्वविद्यालय, बर्कले (UCB)** स्थिरता के मामले में अमेरिका में शीर्ष विश्वविद्यालय

ONLYIAS BY PHYSICS WALLAH

है, जो **स्वीडन के लुंड विश्वविद्यालय के साथ विश्व स्तर पर तीसरे स्थान** पर है।

- ❖ **कुल 78 भारतीय विश्वविद्यालयों ने 2025 QS सस्टेनेबिलिटी रैंकिंग** में जगह बनाई है, देश के शीर्ष 10 संस्थानों में से नौ ने इस साल अपनी रैंकिंग में सुधार किया है और 21 नए संस्थानों ने प्रवेश किया है।
- ❖ **भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (IIT) दिल्ली** QS वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग, सस्टेनेबिलिटी 2025 में रैंक करने वाला भारत का **शीर्ष विश्वविद्यालय है।** संस्थान का कुल स्कोर 80.6 है और यह 255 स्थानों की छलांग लगाकर **विश्व स्तर पर 171वें स्थान** पर है।
- ❖ **भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान खड़गपुर (IIT-KGP)** 78.6 के समग्र स्कोर और 202 की वैश्विक रैंक के साथ **दूसरे स्थान पर है।**
- ❖ **भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, बॉम्बे (IITB) 76.1** के समग्र स्कोर और 234 की वैश्विक रैंक के साथ **तीसरे स्थान पर है।**
- ❖ **आईआईटी कानपुर चौथे स्थान पर (रैंक 245) और आईआईटी मद्रास (रैंक 277) पांचवें स्थान** पर है। दिल्ली विश्वविद्यालय और भारतीय विज्ञान संस्थान क्रमशः छठे और सातवें स्थान पर हैं।

## 10वें एशिया प्रशांत बधिर खेल 2024

यह आयोजन **1 से 8 दिसंबर, 2024 तक कुआलालंपुर, मलेशिया** में हुआ।




### मुख्य बिंदु

- ❖ भारत के 69 एथलीटों, 15 प्रशिक्षकों और सहयोगी स्टाफ के प्रतिनिधिमंडल ने सात खेलों - **एथलेटिक्स, बैडमिंटन, शतरंज, जूडो, टेबल टेनिस, ताइक्वांडो, कुश्ती -** में भाग लिया।
- ❖ भारत ने खेलों में कुल मिलाकर 55 पदक **(8 स्वर्ण, 18 रजत और 29 कांस्य)** जीते।
- ❖ 21 टीमों के टूर्नामेंट में **भारत पांचवें स्थान पर रहा।**

## ग्लोबल सस्टेनेबिलिटी फिल्म पुरस्कार




हाल ही में आयोजित **13वें ग्लोबल सस्टेनेबिलिटी फिल्म अवार्ड्स (GSFA)** में **"द कुंभया स्टोरी" ट्रांसफॉर्मिंग सोसाइटी लघु फिल्म श्रेणी** की विजेता बनी।

### मुख्य बिंदु

- ❖ यह लंदन में **ब्रिटिश फिल्म उद्योग बाफ्टा केंद्र में आयोजित** किया गया था।
- ❖ कुंभया कहानी का निर्माण **कुंभया प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड** द्वारा किया गया है।
- ❖ यह फिल्म **सशक्त महिलाओं के जीवन पर आधारित है** और यह भी दिखाती है कि किस प्रकार वे बुनाई के माध्यम से अपने जीवन में बदलाव ला रही हैं।
- ❖ इससे यह भी पता चलता है कि **कुंभया प्रोड्यूसर कंपनी का विकास** कैसे हुआ।
- ❖ **'युवा फिल्म निर्माता'** प्रतियोगिता में ग्रीनहब इंडिया द्वारा निर्मित **'गोबुक – हार्मनी इन द हाइलैंड्स'** नामक लघु फिल्म ने अपने वीडियो के विषय के रूप में टिकाऊ पर्यटन का चयन किया।
- ❖ **'लापता लेडीज़'** को भारत की ओर से **ऑस्कर 2025 के लिए सर्वश्रेष्ठ अंतर्राष्ट्रीय फीचर फिल्म** में नामांकित किया गया है और संस्थापक पुरस्कार में शॉर्टलिस्ट किया गया है।

## लघु समाचार

- ❖ **अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (AIFF)** ने स्वीडन के **जोकिम एलेक्जेंडरसन** को भारत की अंडर-20 और अंडर-17 महिला राष्ट्रीय फुटबॉल टीमों का मुख्य कोच नियुक्त किया है।
- ❖ राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने राष्ट्रपति भवन में नेपाल के सेना प्रमुख **जनरल अशोक राज सिगडेल** को

**'भारतीय सेना के जनरल'** की मानद रैंक से सम्मानित किया।

- सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी के सदस्य **राहुल नार्वेकर** को महाराष्ट्र विधानसभा के 15वें अध्यक्ष के रूप में फिर से चुना गया।
- सत्तारूढ़ झारखंड मुक्ति मोर्चा (JMM) के **रवीन्द्र नाथ महतो** को 10 दिसंबर, 2024 को सर्वसम्मति से **छठी झारखंड विधानसभा के अध्यक्ष** के रूप में फिर से चुना गया।
- **खेल एवं युवा कल्याण मंत्री श्री विश्वास कैलाश सारंग** ने 10 दिसंबर को भारतीय खेल प्राधिकरण (SAI) के केंद्रीय प्रशिक्षण केंद्र (CRC) भोपाल में फिट इंडिया सप्ताह 2024 और फिट इंडिया जागरूकता कार्यक्रम का शुभारंभ किया।
- अतिरिक्त प्रधान **मुख्य वन संरक्षक श्री एल. कृष्णमूर्ति** को राष्ट्रीय स्तर की संस्था सैंक्चुरी नेचुरल फाउंडेशन द्वारा सैंक्चुरी वन्यजीव सेवा पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

## दैनिक करेंट अफेयर्स से संबंधित महत्वपूर्ण प्रश्न

**1. राष्ट्रीय स्तर की संस्था सैंक्चुअरी नेचुरल फाउंडेशन द्वारा सैंक्चुअरी वन्यजीव सेवा पुरस्कार से किसे सम्मानित किया गया?**

(a) डॉ. एल. सुब्रमण्यम

(b) श्री एल. कृष्णमूर्ति

(c) श्री आर राजगोपालन

(d) डॉ. एम. सिंह

**उत्तर-B**

**2. निम्नलिखित में से कौन 2024 का विश्व शतरंज चैंपियन बना?**

(a) डी गुकेश

(b) डिंग लिरेन

(c) प्रज्ञानन्दना

(d) इयान नेपोम्नियाचची

**उत्तर -A**

❍❍❍❍